# BPSC 71वीं परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी, 1250 पदों पर निकली भर्ती, 2 जून से शुरू होंगे आवेदन।

Publisher
Published on 31 May 2025




## बिहार लोक सेवा आयोग ने 71वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगी परीक्षा का कार्यक्रम किया घोषित, 30 अगस्त को होगी परीक्षा।

**पटना :** बिहार में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। **बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC)** ने **71वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगी परीक्षा (BPSC 71st CCE 2025)** का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस भर्ती अभियान के अंतर्गत **कुल 1250 पदों पर नियुक्ति की जाएगी**।

**2 जून से शुरू होंगे आवेदन, 30 जून अंतिम तारीख**

इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया **2 जून 2025** से शुरू होगी और **30 जून 2025** तक चलेगी। इच्छुक उम्मीदवार **BPSC की आधिकारिक वेबसाइट** bpsc.bih.nic.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**पदों का विवरण (Post Details):**

| पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|
| सीनियर डिप्टी कलेक्टर | 100 |
| फाइनेंशियल एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर | 79 |
| लेबर सुपरिटेंडेंट | 10 |
| सब रजिस्ट्रार | 3 |
| शुगर केन ऑफिसर | 17 |
| ब्लॉक को-ऑपरेटिव ऑफिसर | 502 |
| ब्लॉक पंचायती राज ऑफिसर | 22 |
| ब्लॉक शेड्यूल कास्ट वेलफेयर ऑफिसर | 13 |
| रेवेन्यू ऑफिसर | 45 |
| ब्लॉक माइनोरिटी वेलफेयर ऑफिसर | 459 |

**पात्रता और आयु सीमा :**

**शैक्षणिक योग्यता**: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **स्नातक (Graduation)** की डिग्री आवश्यक।

**आयु सीमा :** न्यूनतम **20 वर्ष** और अधिकतम **40 वर्ष**। आरक्षित वर्गों को नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी।

**परीक्षा की तिथि :**

**BPSC 71वीं प्रारंभिक परीक्षा** का आयोजन **30 अगस्त 2025** को बिहार के विभिन्न जिलों में किया जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा के बाद मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू के आधार पर चयन किया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन कैसे करें:**

१. **आधिकारिक वेबसाइट** bpsc.bih.nic.in पर जाएं।

२. "**BPSC 71st CCE Online Application**" लिंक पर क्लिक करें।

३. खुद को **रजिस्टर करे** और **लॉगिन** करें।

४. आवेदन फॉर्म में आवश्यक जानकारी भरें और दस्तावेज़ अपलोड करें।

५. **आवेदन शुल्क भरे और फॉर्म सबमिट करे**।

६. भविष्य के लिए आवेदन की एक **प्रति डाउनलोड** कर लें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.